जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ,
मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: gmop@jaipurmetrorail.in, **Phone No:** 0141-2822109

दिनांक : 10.02.2026

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः– जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (JMRC) द्वारा डोर–टू–डोर सर्वे के लिए जनता से सहयोग की अपील ।

जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (JMRC) ने जयपुर मेट्रो स्टेशनों एवं इनके 1.5 कि.मी. परिधि क्षेत्र में डोर–टू–डोर सर्वे कराने के लिए Tomorrow Market Innovators Pvt. Ltd. कंपनी को कार्यादेश जारी किया है। इस सर्वे का उद्देश्य निवासियों से मेट्रो संचालन, मेट्रो सुविधाएं यथा पार्किंग, साफ–सफाई, फीडर सेवा इत्यादि से सम्बन्धित जानकारी एकत्र करना है। ताकि मेट्रो सेवाओं को बेहतर किया जा सके और इसके उपयोग पैटर्न का आकलन हो सके, जिससे जयपुर में शहरी गतिशीलता और अधिक सुगम बने। इस सर्वे में प्रशिक्षित कर्मचारी मेट्रो स्टेशनों, मेट्रो ट्रेनों एवं आस–पास के क्षेत्रों की प्राथमिकताओं और सुझावों पर जानकारी एकत्र करेंगे। सभी उत्तर गोपनीय रखे जाएंगे और केवल मेट्रो के संचालन को अधिक बेहतर बनानें के लिए उपयोग किए जाएंगे।

जयपुर मेट्रो सभी नागरिकों से इस सर्वे को सफल बनाने हेतु सहयोग करनें की अपील करता है। आपकी भागीदारी जयपुर मेट्रो को और ज्यादा कुशल, सुलभ और नागरिक–अनुकूल बनाने में मदद करेगी।

धन्यवाद।